भारत सरकार

गृह मंत्रालय

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1967**

दिनांक 11.05.2016/21 वैशाख, 1938 (शक) को उत्तर के लिए

**जम्मू और कश्मीर में अलगाववादी तत्वों में वृद्धि**

†1967. **श्री नरेश अग्रवाल :**

क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि जम्मू और कश्मीर में पाकिस्तान परस्त ताकतों और अलगाववादी तत्वों की संख्या में इजाफा हुआ है;
(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और
(ग) यदि नहीं, तो सरकार उन घटनाओं को कैसे देखती है जब जम्मू और कश्मीर में पाकिस्तानी झंडे फहराए जाते हैं और आतंकवादियों के मारे जाने के बाद उनके शवों के लिए स्थानीय लोग विरोध प्रदर्शन करते हैं?

**उत्तर**

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री **(श्री हरिभाई परथीभाई चौधरी)**

**(क) : जी, नहीं।**

**(ख) : प्रश्न नहीं उठता है।**

**(ग) : घाटी के कुछ क्षेत्रों में आतंकवादियों की अंत्योष्टि में स्थानीय लोगों की मौजूदगी और पाकिस्तान झंडे को लहराने की घटनाएं देखी गई हैं। भाग लेने वाले ऐसे लोगों तथा क्षेत्रों की पहचान की जाती है और ऐसे तत्वों के साथ कानून के अनुसार निपटा जाता है।**

**-----**